हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 7 जनवरी 2026

12 स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



12 50 से अधिक युवाओं ने किया रक्तदान



**खबर संक्षेप**

### जिला रोजगार कार्यालय में मेला कल : उपायुक्त

**भिवानी।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा आठ जनवरी को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के आधार पर रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि कम्पनी द्वारा चयनित प्रार्थियों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं दी जाएंगी। प्रार्थी पंजीकरण कार्ड व सभी ओरिजिनल दस्तावेजों के साथ 10:00 बजे जिला रोजगार कार्यालय भिवानी में पहुंचे।

### मंत्री से मिलेगा नबरदारों का प्रतिनिधिमंडल

**चरखी दादरी।** नंबरदार एसो. प्रदेश प्रेस प्रवक्ता एवं दादरी जिला प्रधान नंबरदार राजेश पैंतावास खुर्द ने बताया कि लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर समाधान की उम्मीद जताई जा रही थी। मुख्यमंत्री कार्यालय को लगातार हर जिले में नंबरदार ज्ञापन विभिन्न माध्यमों से प्रेषित करवा रहे थे। इसके चलते अब 8 जनवरी को उनका पक्ष पानीपत में मुख्यमंत्री नायाब सैनी के निर्देशानुसार प्रदेश सरकार की नुमाइंदगी कर कैबिनेट शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा सुनेंगे।

### पोर्टल पर दर्ज होंगी फोन गुम होने की शिकायत

**भिवानी।** भिवानी एसपी सुमित कुमार ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का मोबाइल फोन गुम हो जाता है, तो उसकी रिपोर्ट अब भारत सरकार के सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज करवाई जा सकती है। यह व्यवस्था नागरिकों की सुविधा, मोबाइल फोन की ट्रैकिंग तथा दुरुपयोग रोकने के उद्देश्य से शुरू की गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज होने के बाद गुम या चोरी हुआ मोबाइल फोन ब्लॉक कर दिया जाता है, जिससे उसका गलत उपयोग नहीं हो पाता। साथ ही, मोबाइल फोन मिलने की स्थिति में उसे अनब्लॉक भी किया जा सकता है।

### पहली डिजिटल जनगणना की तैयारी शुरू : उपायुक्त



**चरखी दादरी।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन पंजीयक जनरल एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा भारत की जनगणना 2027 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी को लेकर मंगलवार को उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों की बैठक हुई। उपायुक्त ने बैठक में कहा कि जनगणना अत्यंत व्यापक और राष्ट्रहित से जुड़ा कार्य है। भारत जैसे विशाल देश में लगभग 140 करोड़ लोगों की गणना करना ऐतिहासिक एवं प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। इस प्रक्रिया की सटीकता और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए पूर्व परीक्षण दिया गया है। अब प्रशिक्षण का अगला चरण शुरू होगा।

**राहत की खबर जल्द मिलेगा सीवर की समस्या से छुटकारा**

# ₹4.5 करोड़ से फूंकी जाएगी कस्बे के डैमेज सीवरों में जान

**चार जगह बनवाए जाएंगे शौचालय, योजनाओं के पूरे होने के बाद नजर आएगा विकासः विधायक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

कस्बे के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। अब जल्द ही लोगों को सीवर की समस्या से छुटकारा मिलने वाला है। बवानीखेड़ा कस्बे में करीब साढ़े चार करोड़ रुपये की राशि से डैमेज सीवरों को जीवनदान दिया जाएगा। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कितनी लंबी लाइन डैमेज है,लेकिन यह जरूर है जितनी भी डैमेज सीवर लाइन है। उसको दुरुस्त करवाया जाएगा। माना जा रहा है कि उक्त लाइन को बिना खुदवाए ही पाइपों में अतिरिक्त पाइप डाले जाएंगे। इस कार्य के लिए प्रस्तावित योजना तैयार करके सरकार के पास भेजी गई है। जल्द ही इस योजना के पास होने व उसके बाद तत्काल कार्य शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। इस योजना का खाका विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने लोगों की मांग व कस्बें में रोजाना सीवर की समस्या से दो चार होने के बाद तैयार करवाया है। जल्द ही उक्त योजना पर कार्य शुरू होने की उम्मीद है।



### पीने के पानी की कोई समस्या नहीं रहेगी

बवानीखेड़ा की आबादी व दायरा बढ़ने के बाद पीने के पानी की मांग भी बढ़ गई। उस मांग को पूरा करने के लिए कस्बे में करीब 24 करोड़ रुपये की लागत से नए जलघर बनवाने, भवन तथा सुंदर नहर तक बड़ी पाइप लाइन बिछाने की योजना थी। उसी योजना के तहत आधे से ज्यादा योजना का कार्य किया जा चुका है। बाकी कार्य प्रगति पर है। जल्द ही इस योजना के कार्यों का उदघाटन करवाया जाएगा। उसके बाद पेयजल की समस्या नहीं रहेगी।

- सार्वजनिक शौचालयों की सफाई की जिम्मेदारी नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों की रहेगी
- क्षेत्र के हिसाब से सफाई कर्मचारियों के जिम्मे एक एक शौचालय की सफाई की जिम्मेदारी दी जाएगी

### बनवाए जाएंगे शौचालय

कस्बे में बाहर से आने वाले तथा विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले बच्चों को सहुलियत देते हुए कस्बे में चार जगहों पर सार्वजनिक शौचालय बनाए जाने का खाका तैयार किया है। इस योजना के अनुसार कस्बे में सबसे ज्यादा चहल पहल वाले चौक व चौराहों पर सार्वजनिक शौचालय बनवाए जाएंगे। इन शौचालयों के उपर पानी की टंकी के अलावा वॉश बेसिन भी लगवाए जाने की योजना है। साथ ही इन सार्वजनिक शौचालयों की सफाई की जिम्मेदारी नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों की रहेगी। नपा अध्यक्ष सुंदर अत्री ने बताया कि सर्वाधिक स्थान पर शौचालय का निर्माण करवाया जाएगा ताकि आमजन को दिक्कतों का सामना करना पड़े। क्षेत्र के हिसाब से सफाई कर्मचारियों के जिम्मे एक एक शौचालय की सफाई की जिम्मेदारी दी जाएगी। ताकि कस्बे में सफाई का भी आलम बना रहे। इनके अलावा मोबाइल शौचालय भी लाए जाने की योजना है। अभी यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि कस्बे में कितनी जगहों पर मोबाइल शौचालय लाए जाएंगे,लेकिन इसकी तैयारी पूरी करके जगहों को चिहिंत किया जा रहा है।

### पाइप लाइन पर खर्च होंगे 24 करोड़



विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने बताया कि वैसे तो पूरे हलके के सभी गांवों का विकास के लिए योजनाएं तैयार करवाई जा रही है। कुछ योजनाएं पास होकर आ गई और उन पर कार्य चल रहा है। बाकी योजनाओं पर जल्द ही सीएम कार्यालय से सहमति मिल जाएगी। उसके बाद उन योजनाओं पर कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि कस्बे के विकास के लिए करोड़ों की योजनाओं का खाका तैयार किया गया है। जिनमें से जलघर व जलघर से लेकर नहर तक की पाइप लाइन डलवाने योजना पर कार्य चल रहा है। इस योजना पर करीब 24 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी। इनके अलावा डैमेज सीवर लाइन पर साढे चार करोड़ तथा लाखों रुपये की लागत से सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण करवाया जाएगा। उसके बाद कस्बे में विकास नजर आने लगेगा।

## 15 लाख रुपये से सुधरेगी शहर में सीवरेज व्यवस्था



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में खेड़ी रोड पर सफाई व्यवस्था का मुआयना करते हुए एसडीओ जयसिंह व नपा चेयरमैन सुंदर अत्री व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

- एसडीओ व नपा चेयरमैन ने किया मौके का मुआयना

बवानीखेड़ा में पिछले काफी समय से बिगड़ी सीवरेज की व्यवस्था को सुधारने के लिए जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग ने टेंडर छोड़ा है जिसके तहत एजेंसी ने कार्य शुरू कर दिया है। टेंडर 15.09 लाख रुपये का बताया जाता है। विभाग के एसडीओ जय सिंह, नपा प्रधान सुंदर अत्री मौके का मुआयना किया व सही तरीके से कार्य करने के लिए आदेश दिए।

उल्लेखनीय है कि शहर में ऐसा कोई वार्ड नहीं बचा जिससे वार्डवासी सीवरेज की समस्या न जूझ रहे हों। सोमवार को भी बवानी खेड़ा टैक्सी स्टैंड के निजी वाहन चालकों, दुकानदारों व शहरवासियों ने विभाग के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया था और खेद व्यक्त करते हुए बताया था कि करोड़ों की लागत से बनी सड़क को उधेड़ दिया गया जिससे गंदगी और बढ़ गई। विभाग ने इसकी कोई सुध नहीं ली जिससे सभी को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

मौजूद लोगों ने बड़ा कदम उठाने के भी संकेत दिए थे। वहीं विभाग के उपमंडल अभियंता जय सिंह ने बताया कि सीवरेज की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 15.09 लाख का टैंडर लगाया गया है जिसकी शुरूआत चार दिन पहले खेड़ी रोड़ से की गई है। वहीं नपा चेयरमैन सुंदर अत्री ने बताया कि उन्हें चप्पे-चप्पे की जानकारी है वे इस समस्या का जड़ से समाधान करने का कार्य करवाएंगे।

## रिश्तों की गर्माहट अभियान को मिल रहा व्यापक जनसमर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

- डीसी नागपाल की प्रेरणा से कर्मचारी आए आगे, खुशियों की दीवार पर भेंट किए 21 कंबल

जिले में मानवता और सामाजिक सरोकारों की मिसाल बन चुका "रिश्तों की गर्माहट" अभियान लगातार जरूरतमंद लोगों के जीवन में सर्द मौसम में राहत पहुंचा रहा है। अभियान की शुरुआत में डीसी डॉ. मुनीश नागपाल द्वारा हनुमान मंदिर से की गई थी, जिसके बाद यह मुहिम पूरे जिले में तेजी से फैलती जा रही है।

उपायुक्त डॉ. मुनीष नागपाल की इस प्रेरणादायक पहल से न केवल आम नागरिक बल्कि जिला प्रशासन से जुड़े अनेक कर्मचारी भी जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आ रहे हैं। इसी कड़ी में आज उपायुक्त कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी अनिल कुमार ने उपायुक्त मुनीष नागपाल से प्रेरित होकर 21 कंबल जरूरतमंद लोगों के लिए खुशियों की दीवार पर भेंट किए। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. मुनीष नागपाल ने कहा कि रिश्तों की गर्माहट अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिले में कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति सर्दी के मौसम में ठंड से परेशान न हो। वहीं कंबल दान करने वाले अनिल कुमार ने कहा कि जब प्रशासन खुद आगे बढ़कर मानवता की मिसाल पेश करता है, तो कर्मचारियों का कर्तव्य बनता है कि वे भी इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दें। संजय रामफ़ल ने उपायुक्त मुनीष नागपाल की सराहना की।

## जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र विधवाओं तक पहुंचाएं अधिकारीः सीजेएम

- सीजेएम की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार की अध्यक्षता में विडो सेल की मासिक ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीजेएम ने जिलेभर में विधवा महिलाओं को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सीजेएम पवन कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कि सरकार द्वारा विधवा महिलाओं के हित में कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें पेंशन योजनाएं प्रमुख हैं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र विधवा महिला तक समय पर पहुंचना चाहिए। सीजेएम ने जिला समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि किसी विधवा महिला या उसके बच्चे से संबंधित पेंशन फॉर्म में कोई कमी रह जाती है, तो संबंधित परिवार को फोन द्वारा सूचित कर आवश्यक सुधार तत्काल करवाए जाएं, ताकि किसी पात्र महिला को पेंशन से वंचित न रहना पड़े।

वन स्टॉप सेंटर के अधिकारियों को महिलाओं और उनके बच्चों को उपलब्ध कराई जाने वाली सभी सुविधाओं एवं योजनाओं के बारे में समय-समय पर जागरूक करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आज से लगेगा बैडमिंटन खिलाड़ियों का मेला, 7 से 11 तक चलेगी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

पुराना शहर स्थित हीरा इंडोर बैडमिंटन खेल ग्राउंड पूरी तरह से सज चुका है अब पांच दिनों तक लगातार यहां पर खेल का जोश अपने चरम पर रहने वाला है। जिस प्रकार से प्रत्येक वर्ग के लिए सैकड़ों एकल, युगल कैटेगरी में खिलाड़ियों ने पंजीकरण करवाया है। सबसे बड़ी बात ये है कि दिवंगत प्रदेश सहकारिता मंत्री सतपाल सांगवान को उनके जन्मदिवस पर आयोजित इस बड़ी प्रतियोगिता के जरिए श्रद्धाजंलि देने के लिए न सिर्फ खिलाड़ियों साथ में उनके अनुयायियों, समर्थकों, खेलप्रेमियों व मौजिज नागरिकों द्वारा जिस बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है।



**भिवानी।** प्रतियोगिता के लिए तैयार किया गया स्टेडियम

प्रतियोगिता आरंभ होने के पूर्व दिवस पर हीरा इंडोर बैडमिंटन खेल मैदान में तैयारियों को अंतिम रूप देने व कामों का जायजा लेने के लिए पहुंचे हीरा स्पोटर्स क्लब के पदाधिकारियों ने कही। आयोजक कमेटी ने बताया कि सैंकड़ों की तादात में स्पर्धा में स्थानीय व बाहर से आए खिलाड़ी अपने खेल के जरिए विजेता बनने की मशक्कत करेंगे। इन खिलाड़ियों की रहने, खाने सहित अन्य सुविधाओं के जरिए हीरा स्पोटर्स क्लब व क्षेत्र के मौजिज लोगों द्वारा जो मेहमान नवाजी की जाएगी, वह लंबे समय तक याद रखेंगे।

**ये रहे मौजूदः** इस दौरान क्लब प्रधान हरीशचंद्र गोदारा, जिला दादरी बैडमिंटन एसोसिएशन महासचिव लोकेश गुप्ता, सचिव पंकज जैन, रविंद्र सिलगर, सुरेश गोयल, कुलदीप फोगाट, जगबीर फोगाट, मनीष जांगड़ा, दिनेश मुंजाल, अभिषेक जैन, प्रवीण गर्ग बधवानिया आदि मौजूद रहे।

## धर्मबीर सिंह देश के सर्वश्रेष्ठ सांसद घोषित विकास कार्यों एवं जनसेवा से मिली पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के विकास को नए आयाम देने वाले सांसद धर्मबीर सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कार्यक्षमता का लोहा मनवाया है। फेम इंडिया एशिया पोस्ट द्वारा किए ताजा सर्वे में धर्मबीर सिंह को देश के कुल 794 सांसदों में से सर्वश्रेष्ठ मजबूत सांसद चुना गया है। इस उपलब्धि पर धर्मसेना किसान सैल के प्रदेश अध्यक्ष प्रविंद्र मांढ़ी ने सांसद की कार्यप्रणाली की जमकर प्रशंसा की है।

मांढी ने सांसद धर्मबीर सिंह को बधाई देते हुए कहा कि उनका चयन ये साबित करता है कि प्रतिनिधि निष्ठा से कार्य करें तो उसकी गूंज दिल्ली के गलियारों तक सुनाई देती है। हमें गर्व है कि हमारा नेतृत्व एक ऐसे सांसद के हाथ में है जो 794 सांसदों में अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं।

- सांसद धर्मबीर ने हमेशा राजनीति से ऊपर उठकर क्षेत्र के बुनियादी ढांचों पर दिया ध्यानः प्रविंद्र

### समस्याएं प्रमुखता से रखी

यह गौरव केवल सांसद धर्मबीर सिंह का नहीं बल्कि पूरे भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र की जनता का है। सांसद धर्मबीर सिंह ने हमेशा राजनीति से ऊपर उठकर क्षेत्र के बुनियादी ढांचों जैसे सड़के, रेलवे कनेक्टिविटी एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है। उनकी कार्यप्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता उनकी सादगी एवं सुलभता है, जिसकारण क्षेत्र का अंतिम व्यक्ति भी सीधे उन तक अपनी बात पहुंचा पाता है। उन्होंने कहा कि सांसद धर्मबीर ने संसद के पटल पर भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से रखा। बीकानेर मंडल की रेलवे सलाहकार समिति के साथ मिलकर क्षेत्र में ट्रेनों के ठहराव एवं नई रेल लाइनों के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए।

## ग्रामीणों ने रोष प्रदर्शन कर सड़क का निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की

- ग्रामीणों ने सप्ताह में काम शुरु नहीं करने पर बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी

**बाढ़ड़ा।** जेवली में मुख्य सड़कमार्ग से श्मशान घाट तक सड़क मार्ग निर्माण कार्य के लिए पर्याप्त बजट जारी होने के बाद भी काम शुरू नहीं करने पर ग्रामीणों ने रोष प्रकट किया है। ग्रामीणों ने एक सप्ताह में काम शुरु नहीं करने पर बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। गांव जेवली निवासी पूर्व सरपंच प्रेम जांगड़ा की अगुवाई में मौजूद अशोक प्रधान, नंबरदार रिसाल सिंह, जागेन्द्र सिंह चौकीदार, होशियार सिंह, सुरजभान, मंजीत सिंह, रामबिलाश, मोहर सिंह, सुखबीर, मनोज कुमार आदि ग्रामीणों ने बताया उनके गांव से हुई रोड़ पर स्थित शमशान घाट तक के कच्चे रास्ते को पक्का करने के लिए तात्कालीन विधायक नैना चौटाला के प्रयासों से लाखों रुपये का बड़ा बजट आवंटित किया गया था लेकिन अभी तक इस योजना पर एक प्रतिशत भी काम शुरु नहीं हो पाया है। इससे ग्रामीणों को अनेक परेशानियां झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि वह योजना के शुरुआत करवाने के लिए बार बार बीडीपीओ कार्यालय, विकास एवं पंचायत विभाग के एसडीओ कार्यालय, जिला मुख्यालय के कार्यकारी अभियंता कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन कोई भी अधिकारी इस पर काम शुरु करने में कोई रुचि नहीं दिखा रहा है।

## युवाओं को सरकारी योजनाओं और करियर मार्गदर्शन से मिली नई दिशा

- बीआरसीएम ज्ञान कुंज में शीतकालीन एनएसएस शिविर का चौथा दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल में आयोजित सात दिवसीय शीतकालीन एनएसएस शिविर का चौथा दिन विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों के लिए ज्ञान, अनुशासन और प्रेरणा से परिपूर्ण रहा।

एनएसएस वॉलिंटियर्स ने ऊर्जावान एनएसएस गीत एवं 'वन्दे मातरम्' के सामूहिक गायन से कार्यक्रम को गरिमामयी स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में विद्यालय की पूर्व छात्राएं सविता कुमारी ग्राम सचिव लोहारू एवं प्रगति, सचिव नगर पालिका समिति, बरवाला उपस्थित रहीं। पूर्व छात्रा एवं ग्राम सचिव सविता कुमारी ने विद्यार्थियों को विस्तृत एवं तथ्यपरक व्याख्यान दिया। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग इन योजनाओं का अधिकतम लाभ किस प्रकार प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य वक्ता प्रगति ने विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग, स्वच्छता एवं व्यक्तिगत विकास विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।



**बहल।** आयोजित शिविर में स्वयसेवकों को सम्मानित करते हुए।

**दिनोद गेट सर्कुलर रोड पर सड़क धंसने से बनी थी समस्या**

# लोकनिर्माण विभाग ने सड़क को किया दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहर के व्यस्ततम घंटाघर चौक से दिनोद गेट की तरफ जाने वाले सर्कुलर रोड पर काफी समय से सड़क धंसने की समस्या बनी हुई थी। सड़क धंसने की गंभीर समस्या का आखिरकार जिला प्रशासन ने समाधान करवा दिया हैं। लोकनिर्माण विभाग की तत्परता से सड़क को अब स्थायी रूप से दुरुस्त किया गया है। गौरतलब हैं कि दिनोद गेट से घंटाघर चौक की ओर जाने वाली मुख्य सड़क कई जगहों पर धंसी हुई थी और उसमें करीब एक से डेढ़ फुट गहरे गड्ढे बने हुए थे, जो लंबे समय से हादसों को न्योता दे रहे थे। सरकुलर रोड पर स्थित शनि मंदिर में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए ये बड़ी समस्या थी। जागरूक स्थानीय लोगों ने प्रशासन को शिकायत दी तो विभाग ने महज मिट्टी डालकर खानापूर्ति कर दी, जो बारिश में फिर से धंस गई। इसके बाद फिर से बीएंडआर विभाग के उच्चाधिकारियों से संपर्क किया तो अधिकारियों ने करीब 15 दिन पहले मिट्टी डालकर गड्ढे को अस्थायी रूप से भर दिया, ताकि खतरा कम हो सकें। अब विभाग ने इंटरलॉकिंग टाइल्स के माध्यम से सड़क को पूरी तरह से पक्का और स्थायी रूप से ठीक करने का कार्य शुरू कर दिया है, जिससे क्षेत्रवासियों के साथ साथ आवागमन करने वाले राहगीरों व वाहन चालकों को काफी राहत मिली। उन्होंने प्रशासन का आभार व्यक्त किया कि आमजन की समस्याओं के प्रति वे संवेदनशील है, जिससे हादसों पर अंकुश लग पाएगा।



**भिवानी।** दिनोद गेट सरकुलर रोड पर बनाई गई सड़क।

- अधिकारियों ने करीब 15 दिन पहले मिट्टी डालकर गड्ढों को अस्थायी रूप से भर दिया, ताकि खतरा कम हो सके

**हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के वर्ष 2024 के परिणाम में गड़बड़ी के आरोप**

# जजपा ने ज्ञापन सौंपकर सीबीआई जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जननायक जनता पार्टी की युवा विंग ने हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा को लेकर समस्त हरियाणा में उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम मांगपत्र सौंपा। लघु सचिवालय में युवा जजपा जिलाध्यक्ष शेठी धनाना व प्रभारी ओमी राजपूत बापोड़ा के नेतृत्व में मांगपत्र सौंपकर एचटेट परिणाम की सीबीआई जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि ये गम्भीर विषय है कि बोर्ड चैयरमेन के सानिध्य में घोटाला हुआ है, इसलिए सरकार की बिना पर्ची खर्ची के नारे पर सवालिया निशान लगना लाजमी है। उन्होंने कहा कि बोर्ड चेयरमैन पर ओपीजेएस यूनिवर्सिटी राजस्थान में भी मामला दर्ज हुआ था और इसके बाद भी उन्हें शिक्षा बोर्ड चैयरमेन नियुक्त किया जो भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का साफ प्रमाण है। उन्होंने परिणाम तैयार करने वाली संस्था पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग (पीएसयू) के चयन पर भी सवाल खड़े किए हैं।



**ये रहे मौजूदः** इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष सेठी धनाना, युवा प्रभारी ओमी बापौडा, अजमेर मुंढ़ाल आदि मौजूद रहे।



# कार्तिक की जिंदगी में आई नई मिस्ट्री गर्ल

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन का नाम पिछले कुछ समय से एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ जोड़ा जा रहा है। लेकिन, हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिसके बाद यह अटकलें तेज हो गईं कि कार्तिक आर्यन की जिंदगी में नई मिस्ट्री गर्ल की एंट्री हो चुकी है। कार्तिक आर्यन इन दिनों गोवा में छुट्टियां मना रहे हैं। उन्होंने सोमवार को कुछ तस्वीरें अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट कीं, जिसमें वह बीच (समंदर) किनारे आराम फरमा रहे हैं। सामने एक बीचबॉल गेम का नेट लगा है। बिल्कुल इसी तरह की लोकेशन की फोटो करीना नाम की एक लड़की ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं। वह भी गोवा में छुट्टियां मना रही हैं।

## लाइफ Style

# तारा

## 15 साल में शुरू की थी एक्टिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तारा सुतारिया बॉलीवुड की उन खूबसूरत अदाकाराओं में से एक हैं जिन्होंने छोटे पर्दे से अपना कॅरियर शुरू किया है। तारा ने काफी छोटी उम्र से ही पर्दे पर लोगों का दिल जीता है। इन दिनों तारा 'केजीएफ' स्टार यश के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर काफी चर्चा में हैं।

हाल ही में तारा सिंगर एपी ढिल्लन के कॉन्सर्ट को लेकर काफी विवादों में रहीं। यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में तारा अहम भूमिका में नजर आनेवाली हैं। इस फिल्म में तारा के किरदार का नाम रेबेका है। पोस्टर सामने आते ही तारा सुतारिया के किरदार की जबरदस्त चर्चा है जिसमें उनके हाथ में गन भी दिख रहा है। तारा का इंटेंस लुक काफी इंप्रेसिव है। वैसे तारा उन दर्शकों के दिलों में सालों से हैं जो डिज्नी इंडिया देखकर बड़े हुए हैं।मुंबई में पली-बढ़ीं तारा सुतारिया ने बहुत छोटी उम्र से ही म्यूजिक, डांस और थिएटर की ट्रेनिंग लेकर एक्टिंग करना शुरू कर दिया था। तारा ने साल 2010 में डिज्नी चैनल के शो 'बिग बड़ा बूम' में से में छोटे पर्दे पर कदम रखा था। इसके बाद साल 2011 में आई थी 'एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा।' साल 2012 में 'बेस्ट ऑफ लक निक्की' का भी हिस्सा रहीं तारा सुतारिया। साल 2012 कॉमेडी शो 'द सूट लाइफ ऑफ करण एंड कबीर' में भी तारा नजर आईं। इस शो में तारा विन्नी मिश्रा यानी विनीता के किरदार में दिखीं और काफी सुर्खियां भी बटोरीं। उन्होंने साल 2013 में 'ओए जस्सी' में भी एक्टिंग की थी। इस शो में तारा ने जसप्रीत का किरदार निभाया था।



## हॉलीवुड मसाला



# जिमी ने ट्रंप का उड़ाया मजाक

**लॉस एंजिल्स।** जिमी किमेल को 'बेस्ट टॉक शो' होस्ट के लिए क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 मिला है। इस दौरान जब वह स्टेज पर अवॉर्ड लेने पहुंचे तो अपने अंदाज में अमेरिकी राष्ट्रपति पर चुटकी लेने से बाज नहीं आए। 4 जनवरी को क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 के मंच पर जिमी किमेल ने डोनाल्ड ट्रंप को पब्लिकली धन्यवाद दिया। लेकिन, उनका अंदाज कुछ ऐसा था कि वहां ठहाके गूंजने लगे। उन्होंने अपने अवॉर्ड जीतने और टॉक शो की सफलता का श्रेय पूर्व राष्ट्रपति के कामों को दिया।




# ओडेलिया की प्रिंस से जबरदस्ती हुई शादी

**लॉस एंजिल्स।** मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने मलयेशिया के प्रिंस से अपनी शादी को लेकर अब एक ऐसा बयान जारी किया है जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया है। मॉडल ने बताया कि उनकी शादी उनकी मर्जी के खिलाफ थी। इंडोनेशियन-अमेरिकन मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने अपनी जिंदगी के उस सच को दुनिया के सामने रखा है जिसने सभी को झकझोर दिया है। वर्षों तक खामोशी में जीने के बाद मनोहरा ने अब खुलकर कहा है कि उनका नाम जिस 'शाही शादी'से जोड़ा गया, वह न तो उनकी मर्जी से थी और न ही कानूनी रूप से सही थी। साल 2008 में जब उनकी शादी मलयेशिया के केलंतान राज्य के शाही परिवार से जुड़े तेंगकु फाखरी से हुई, तब मनोहरा महज 16 साल की थीं। उस उम्र में जब किसी किशोरी को अपने सपने गढ़ने चाहिए होते हैं।



# फिल्मों में जबरस्त वापसी की तैयारी में...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने हाल ही में फिल्मों में जबरदस्त कमबैक करने की तैयारी कर ली है। कंगना ने फैंस के साथ वीडियो साझा करते हुए बताया है कि वो नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुकी हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत फिल्मों में जबरदस्त वापसी करने के लिए तैयार हैं। लंबे समय से राजनीतिक जिम्मेदारियों और फिल्मों के बीच संतुलन बनाती नजर आ रहीं कंगना ने अपनी अगली फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की शूटिंग शुरू कर दी है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की पुष्टि की और फिल्म के सेट से कुछ झलकियां भी साझा कीं, जिसे देखकर उनके प्रशंसकों में उत्साह साफ नजर आया। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी प्रोडक्शन कंपनी की ओर से शेयर किए गए एक वीडियो को रीपोस्ट किया।



# हार्दिक की गर्लफ्रेंड से मिले बिग बी...

**मुंबई।** हार्दिक पांड्या और उनकी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वो अमिताभ बच्चन के साथ नजर आ रहे हैं। हार्दिक ने बिग बी से अपनी गर्लफ्रेंड का परिचय करवाया। सभी 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' इवेंट में शामिल हुए थे, जो बीती रात को मुंबई में आयोजित हुआ था। मुंबई में रिलायंस फाउंडेशन की तरफ से बीती रात को 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' प्रोग्राम का आयोजन हुआ। नीता अंबानी की अध्यक्षता में आयोजित इस इवेंट में क्रिकेट जगत सहित अन्य मशहूर हस्तियों ने भी शिरकत की। अब एक वीडियो सामने आया है, जिसमें हार्दिक पांड्या अपनी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का परिचय अमिताभ बच्चन से करवा रहे हैं। बिग बी ने क्रिकेटर की तरफ इशारा करते हुए कुछ कहा और तीनों हंस पड़े। ये वीडियो खूब वायरल हो रहा है।

## टीवी मसाला



# स्पेस जेन चंद्रयान सीरीज में भारत का चांद तक का सफर

**नई दिल्ली।** टीवीएफ इस बार एकदम अलग हटकर वेब सीरीज लेकर आ रहा है, जो इसरो, चंद्रयान, भारत के चांद तक के पहुंचने के मुश्किल सफर को दिखाती है। ये उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी है, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इस शो में नकुल मेहता से लेकर श्रिया सरन सहित कई सितारे नजर आएंगे। टीवीएफ अपनी पंचायत, कोटा फैक्ट्री, एस्पिरेंट्स सहित अन्य फेमस वेब सीरीज के लिए जाना जाता है। अब ये एक नई सीरीज लेकर आ रहा है, जिसमें भारत के चांद पर पहुंचने का एक मुश्किल सफर दिखाया जाएगा। मंगलवार, 6 जनवरी को इसका टीजर रिलीज कर दिया गया है। शो में श्रयि सरन, नकुल मेहता, प्रकाश बेलावाड़ी और सौरभ द्ववेदी सहित कई जाने-माने चेहरे नजर आएंगे। इसकी रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। 'स्पेस जेन चंद्रयान' के टीजर में दिखाया गया है कि जो चीज किसी ने नहीं देखी, वहां तक लिमिटेड रिसोर्स तक पहुंचना, इसरो से बेहतर किसी को नहीं आता। दुनिया को दिखाने की एक जिद कि ल्यूनर साउथ पोल तक पहुंचने वाला पहला देश भारत होगा। पर साइंटिस्टों को विफलता मिलती है। ऐसे में सवाल उठने लगते हैं कि इस नाकामयाबी के बाद चंद्रयान 3 कैसे बनाएंगे? पर आखिरी में दिखाया गया है कि इसरो भारत को एक स्पेस पावर बनाकर रहेगा। इस वीडियो को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा- चांद तक का सफर आसान तो नहीं था, पर भारत के लिए नामुमकिन भी नहीं था। उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी देखिए, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इसे अरुनभ कुमार ने क्रिएट किया है। डायरेक्टर अनंत सिंह हैं। कहानी को शुभम शर्मा, प्रशांत कुमार और नितिन तिवारी ने लिखा है।

## हटके होगी इस बार मास्टर शेफ की थीम

**नई दिल्ली।** मास्टरशेफ इंडिया 9 ने पहले ही काफी एक्साइटमेंट पैदा कर दी है, क्योंकि इस सीजन में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाला जजिंग पैनल वापस आ गया है। शेफ विकास खन्ना, शेफ कुणाल कपूर और शेफ रणवीर बरार जज के तौर पर वापसी करने वाले हैं। इस बार शो की थीम सुनकर आप खुश होने वाले हैं क्योंकि इस बार शो में सिर्फ भारतीय व्यंजनों की ही खुशबू आने वाली है। भारत के अलग-अलग राज्यों और क्षेत्रों की डिशेज जजों के सामने परोसी जाएगी। इस बार शो की थीम 'भारत का गौरव' है। ऑडियंस को कई भारतीय क्विजिन के बारे में जानने को मिलेगा। वहीं, विदेशों में भारतीय खाने की खूबियां बताई जाएंगी। मास्टरशेफ इंडिया सीजन 9, 5 जनवरी से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रीमियर हो रहा है। लंबे इंतजार के बाद यह पॉपुलर कुकिंग रियलिटी शो टैलेंट और इमोशन्स से भरे एक बिल्कुल नए सीजन के साथ वापस आने के लिए तैयार है।



# मस्ती भरा राहु-केतु का ट्रेलर रिलीज...

मुंबई। पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे स्टारर 'राहु केतु'का फाइल ट्रेलर आज सामने आया है। ट्रेलर पूरा मस्ती से भरा हुआ है। जिसमें पुलकित और वरुण मस्ती करते नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में शालिनी पांडे भी अपनी हॉट अदाएं दिखाते दिख रहे हैं। 3 मिनट 7 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत पीयूष मिश्रा की आवाज के साथ होती है। जिसमें वो लोगों को दो लोगों के बारे में बताते हैं। जिनका परिचय देते हुए वो कहते हैं हिमाचल के शहर कुल्लू और वहां के दो उल्लू जिनका नाम राहु-केतु है। फिर पर्दे पर दिखते हैं वरुण शर्मा और पुलकित सम्राट। इसके बाद दोनों की कॉमडी शुरू होती है, जिसे देखकर आपको कई मौकों पर 'फुकरे' की याद आती है। फिल्म के नाम से ही पता चलता है कि वरुण और पुलकित पनौती हैं, जहां जाते हैं कुछ न कुछ गड़बड़ कर देते हैं। हालांकि, ट्रेलर को देखकर ऐसा लगता है कि इसी दौरान ये कुछ ऐसा करते हैं, जिससे भ्रष्टाचारियों का खुलासा हो जाता है। जाहिर है कि मेकर्स ने कॉमेडी के साथ-साथ एक संदेश भी देने की कोशिश की है। ट्रेलर में वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट और शालिनी पांडे के अलावा बाकी कास्ट भी नजर आती है। जिसमें पीयूष मिश्रा के अलावा अमित सियाल, चंकी पांडे और मनु ऋषि जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। पीयूष मिश्रा का लुक आपको 'तमाशा'में उनके किरदार की याद दिलाता है।




# धुरंधर ने आरआरआर को भी चटाई धूल वर्ल्डवाइड कलेक्शन में मारी बाजी...

**मुंबई।** धुरंधर ने कमाई के मामले में कई फिल्मों को अब तक पछाड़ दिया है। हाल ही में आरआरआर को भी कलेक्शन के मामले में इसने पीछे छोड़ दिया है। धुरंधर को बॉक्स ऑफिस पर 32 दिन हो चुके हैं। फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। वहीं, वर्ल्डवाइड कलेक्शन में इस फिल्म ने हाल ही में आरआरआर जैसी सुपरहिट फिल्म को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म धुरंधर के मेकर्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किए, जिसमें बताया कि फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1,240 करोड़ रुपए कलेक्शन कर लिया है। साथ ही मेकर्स ने यह जानकारी भी साझा की कि भारतीय बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म 820.30 करोड़ रुपए कमा चुकी है। फिल्म धुरंधर ने वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आरआरआर को भी पीछे छोड़ दिया है। सैकनिल्क के अनुसार एसएस राजामौली निर्देशित की फिल्म आरआरआर ने वर्ल्डवाइड 1230 करोड़ रुपए की कमाई थी। यह फिल्म साल 2022 की सबसे बड़ी हिट फिल्म थी। इस फिल्म ने आस्कर अवॉर्ड में भी अपना जलवा चलाया था, इस फिल्म के गाने 'नाटू नाटू' को बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड मिला। फिल्म धुरंधर इस साल रिलीज हुई फिल्मों से भी वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आगे निकल चुकी है। फिल्म कांतारा चैप्टर 1 और छावा को भी इसने पछाड़ दिया है। कांतारा चैप्टर 1 ने वर्ल्डवाइड सिर्फ 900 करोड़ रुपए कमाए, वहीं छावाने वर्ल्डवाइड 809 करोड़ रुपये की कमाई थी। फिल्म धुरंधर अब वर्ल्डवाइड पुष्पा 2 के कलेक्शन को पार करने पर अपनी नजर टिकाए है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 साल 2024 में रिलीज हुई थी। इसने वर्ल्डवाइड 1742 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। अगर फिल्म धुरंधर 500 करोड़ रुपए की कमाए और करती है तो शायद फिल्म पुष्पा 2 के वर्ल्डवाइड कलेक्शन को पार सके।

## धुरंधर ने वर्ल्डवाइड पार किया 1200 करोड़ का आंकड़ा



## ऑस्कर में भारत की उम्मीदें बरकरार, 22 जनवरी को होगी पुरस्कारों की घोषणा

# अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर में पहुंची होमबाउंड

***लॉस एंजिल्स।** ऑस्कर के लिए भारत की ओर से भेजी गई ऑफिशियल फिल्म 'होमबाउंड' भारत की उम्मीदों को बनाए हुए है। क्योंकि, फिल्म अकादमी पुरस्कारों में अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर के मतदान में पहुंच गई है। ऑस्कर की ओर से घोषणा की गई कि अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में दुनिया भर की पंद्रह फिल्में वोटिंग के अगले दौर में पहुंच गई हैं। इनमें भारत की 'होमबाउंड' के अलावा अर्जेंटीना, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इराक, जापान, जॉर्डन, नॉर्वे, फिलिस्तीन, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड, ताइवान और ट्यूनीशिया की फिल्में शामिल हैं।*



### 98 साल के इतिहास में भारत की पांचवीं फिल्म

हाल ही में ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट होने के साथ 'होमबाउंड' ने एक उपलब्धि हासिल कर ली है। यह अकादमी पुरस्कारों के 98 साल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म के लिए शॉर्टलिस्ट होने वाली भारतीय सिनेमा की पांचवीं फिल्म बन गई है। ईशान खट्टर और विशाल जेठवा स्टारर 'होमबाउंड' को ऑस्कर 2026 के अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में आखिरी नामांकन के लिए 15 फिल्मों में चुना गया है।

### नीरज घेवान ने किया है फिल्म का निर्देशन

नीरज घेवान द्वारा निर्देशित और करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित 'होमबाउंड' बचपन के दोस्तों शोएब (ईशान खट्टर) और चंदन (विशाल जेठवा) की कहानी है। जिनका पुलिस बल में शामिल होने का सपना उनके जीवन को आकार देता है। जाह्नवी कपूर ने दोस्ती, कर्तव्य और युवा भारत के सामने आने वाले दबावों पर आधारित इस कहानी में अहम भूमिका निभाई है।

### ये फिल्में भी हुईं चयनित

'मबाउंड के अलावा चयनित हुई फिल्मों में बेलेन (अर्जेंटीना), द सीक्रेट एजेंट (ब्राजील), इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट (फ्रांस), साउंड ऑफ फॉलिंग (जर्मनी), द प्रेसिडेंट्स केक (इराक), कोकुहो (जापान), ऑल दैट्स लेफ्ट ऑफ यू (जॉर्डन), सेंटीमेंटल वैल्यू (नॉर्वे), पैलेस्टाइन 36 (फिलिस्तीन), नो अदर चॉइस (दक्षिण कोरिया), सिरात (स्पेन), लेट शिफ्ट (स्विट्जरलैंड), लेफ्ट-हैंडेड गर्ल (ताइवान) और द वॉइस ऑफ हिंद रजब (ट्यूनीशिया) शामिल हैं। इस बारे में अकादमी अवॉर्ड्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर जानकारी साझा की। अकादमी पुरस्कारों के लिए आखिरी नामांकन की घोषणा गुरुवार 22 जनवरी को की जाएगी।

## खबर संक्षेप


नारनौल। नागरिकों की शिकायतें सुनते डीसी कैप्टन मनोज कुमार।

### डीसी ने लोगों के बीच बैठकर सुनीं समस्याएं

**नारनौल।** उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने मंगलवार एक बार फिर अपनी कार्यशैली से यह साबित कर दिया कि लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि है। अपने व्यस्त शेड्यूल के बावजूद डीसी ने वीआईपी कल्चर को किनारे कर कार्यालय के बरामदे में बैठकर आमजन से मुलाकात की। इस दौरान डीसी ने प्रत्येक फरियादी को अपने पास बिठाकर उनकी बात पूरी तल्लीनता से सुनी। शिकायतों का निपटारा करते हुए उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को कड़े लहजे में निर्देश दिए कि जनसमस्याओं में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


नारनौल। कार्यशाला में भाग लेते वाले शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

### सीएल स्कूल में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**नारनौल।** सेक्टर एक स्थित सीएल पब्लिक स्कूल में सीबीएसई शारीरिक शिक्षा विषय विशिष्ट दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अमित गुप्ता व प्राधानाचार्य रविन्द्र सिंह की उपस्थिती में सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यशाला के संसाधन व्यक्ति डॉ. अशोक कुमार व राजेश कुमार ने लेसन प्लान निर्माण, शैक्षणिक गतिविधियों की प्रभावी रूपरेखा, ब्लूम्स टेक्नोलॉजी के उपयोग तथा मल्टीपल इंटेलिजेंस के माध्यम से शिक्षण को अधिक रोचक एवं परिणामोन्मुखी बनाने के तरीको पर विस्तार से चर्चा की।


महेंद्रगढ़। शिविर के समापन पर उपस्थित स्वयंसेवक। फोटो: हरिभूमि

### टैगोर स्कूल में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

**महेंद्रगढ़।** टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर संपन्न हो गया। शिविर एनएसएस अधिकारी सुनील कुमार द्वारा प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह की देखरेख में संचालित किया गया। समापन दिवस पर पूरे सप्ताह में आयोजित गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, नशा मुक्ति जागरूकता, स्वास्थ्य व योग कार्यक्रम तथा सामाजिक सेवा से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। विद्यार्थियों ने बताया कि इस शिविर ने उन्हें अनुशासन, नेतृत्व, टीमवर्क और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का वास्तविक महत्व समझाया। डायरेक्टर राहुल यादव एवं सीईओ डॉ. निशा यादव ने कहा कि एनएसएस शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है।

# जिले के छोटे किसान गाजर, मटर व गेंदे के फूलों की खेती कर हो रहे मालामाल

- सरकार की योजनाओं का सीधा मिल रहा है लाभ, गेहूं और सरसों की खेती को छोड़कर कमा रहे लाखों रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

जिले में ज्यादातर किसान सरसों गेहूं और बाजरे की फसल बो रहे है, जिससे किसानों को कम लाभ मिल रहा था, लेकिन अब किसान सरकार द्वारा चलाई गई स्कीमों को अपनाकर लाखों रुपये कमाकर अपनी आजीविका चला रहे हैं। पहले किसान सरसों और गेहूं की खेती पर अधिक ध्यान देते थे। अब अधिक मुनाफा कमाने के लिए किसान अलग-अलग खेती कर दूसरे किसानों को भी जागरूक कर रहे हैं। महेंद्रगढ़ जिले के किसान गाजर, मटर और गेंदे के फूलों की खेतीकर अधिक से अधिक मुनाफा कमा रहे हैं। इसके साथ-साथ सरकार द्वारा दी जा रही योजना का भी भरपूर लाभ उठा रहे हैं। हरियाणा सरकार की ओर से मटर, गाजर और गेंदे के फूलों की खेती करने के लिए सब्सिडी भी दी जा रही है, जिससे किसान और भी ज्यादा प्रोत्साहित होकर इस खेती की ओर रुख कर रहे हैं। सबसे बड़ा कारण यह भी है कि यहां के किसान गेहूं और सरसों की खेती ज्यादा करते थे और मुनाफा भी कम मिल रहा हैं। जिले में गांव पायगा के किसान सतीश कुमार सरसों गेहूं और बाजरे की फसल छोड़कर गाजर, मटर, गेंदे के फूल व प्याज की फसल कर अधिक मुनाफा कमा रहे हैं।


महेंद्रगढ़। खेत से गाजर उखाड़ते हुए। फोटो: हरिभूमि

#### दो एकड़ में गाजर और मटर

सतीश कुमार ने बताया कि 2014 से पहले किसानों को किसी भी स्कीम के बारे में पता नहीं होता था, जब से भाजपा सरकार आई है, किसानों को अलग-अलग किस्म की फसल उगाने के लिए प्रेरित कर रही है और सब्सिडी भी दे रही है। उन्होंने दो एकड़ में गेंदे के फूल और दो एकड़ में गाजर और मटर लगा रखे हैं और दो एकड़ में प्याज की बिजाई कर रखी हैं। कृषि विभाग के अधिकारी किसानों को जागरूक करने के लिए उनको खेतों तक पहुंच रहे हैं।

#### साल में अलग-अलग तरह की फसल

इस बारे में जानकारी देते हुए गांव पायगा के किसान सतीश कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा खेती को बढ़ावा देने के लिए अलग-अलग तरह की स्कीम चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार और विभाग का प्रयास है कि किसान ज्यादा से ज्यादा एक साल में अलग-अलग खेती करें और मुनाफा कमाए। उन्होंने कहा कि वह साल में अलग-अलग तरह की फसल लगाकर लाखों रुपए कमा रहे हैं और लोगों को रोजगार देने का काम कर रहे हैं। वे गेंदे के फूल और गाजर की सब्जी उगाकार अब तक लाखों रुपए कमा चुके हैं।

# सरल पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का 15 दिनों के भीतर करें निपटानः उपायुक्त

## मुख्यमंत्री राहत कोष से चिकित्सा सहायता के लिए सरल पोर्टल पर करें आवेदन

उपायुक्त ने लघु सचिवालय में इस कमेटी में शामिल अधिकारियों की बैठक लेते हुए स्पष्ट किया कि इस योजना के तहत आने वाले आवेदनों पर अधिकारी संवेदनशीलता के साथ काम करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री राहत कोष योजना गंभीर बीमारियों से ग्रस्त जरूरतमंद नागरिकों के लिए जीवनदायिनी सिद्ध हो रही है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने मंगलवार को लघु सचिवालय में इस कमेटी में शामिल अधिकारियों की बैठक लेते हुए स्पष्ट किया कि इस योजना के तहत आने वाले आवेदनों पर अधिकारी संवेदनशीलता के साथ काम करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सरल पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कर 15 दिनों की निर्धारित समय सीमा के भीतर लाभार्थी को सहायता राशि पहुंचाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने बैठक के दौरान प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की और मौके पर ही एक पात्र नागरिक के उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की। कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि यदि कोई आवेदक दूसरे राज्य में उपचार करा रहा है, तो उसे भी नियमों के तहत सहायता दी जा सकती है, बशर्ते वह हरियाणा का मूल निवासी हो। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि धन के अभाव में जिले के किसी भी नागरिक का उपचार न रूके। उन्होंने बताया कि इस योजना की शर्त यह है कि आवेदक आयुष्मान भारत का लाभार्थी नहीं होना चाहिए। इसके अलावा अगर कोई बीमारी आयुष्मान भारत में कवर नहीं होती, तो इस योजना में शामिल किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसमें अधिकतम एक लाख रुपये तक की मेडिकल सहायता दी जाती है।


नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी कैप्टन मनोज कुमार। फोटो: हरिभूमि

#### मुख्य रूप से इन बीमारियों के लिए मिलती है सहायता

मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत मुख्य रूप से उन गंभीर बीमारियों के लिए सहायता दी जाती है, जिनका खर्च एक आम परिवार के लिए वहन करना कठिन होता है। हरियाणा मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत वित्तीय सहायता के लिए पात्र 25 बीमारियों की सूची में शामिल की गई है। जिसमें हृदय रोग, गुर्दा (किडनी) रोग, कैंसर, टाइरोसिनेमिया टाइप एक के लिए दवा, हड्डियों की कमजोरी (ओस्टियोजेनेसिस इमपरफेक्टा) के लिए चिकित्सा, विकास हार्मोन की कमी और प्रेडर विली सिंड्रोम के लिए चिकित्सा, टर्नर सिंड्रोम और नूनन सिंड्रोम, सिस्टिक फाइब्रोसिस के लिए एंजाइम सप्लीमेंट, प्रतिरक्षा प्रणाली के विकार (प्राइमरी इम्यून डेफिशिएंसी), विशिष्ट प्रतिस्थापन चिकित्सा (आईवीआईजी), यूरिया चक्र विकार और अन्य चयापचय रोगों के लिए विशेष विटामिन थेरेपी, रक्त विकार (पोरफाइरिया) के लिए विशिष्ट दवा व इंजेक्शन, माइटोकॉन्ड्रियल चयापचय से जुड़ी चिकित्सा, सैप्रोप्टेरिन और अन्य नैदानिक अणु, गौचर रोग (टाइप एक व दो) आदि शामिल है।

#### आवेदन करने की प्रक्रिया बहुत ही सरल

इस योजना के लिए प्रार्थियों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं है। वे पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन पूर्ण कर सकते हैं। सबसे पहले प्रार्थी सरल पोर्टल पर लॉगिन करें। आवेदन के लिए परिवार पहचान पत्र अनिवार्य है। इसके साथ अस्पताल के बिल, ओपीडी पर्ची व अन्य संबंधित मेडिकल दस्तावेज अपलोड करें। आवेदन के बाद जिला स्तरीय समिति (जिसमें सांसद, विधायक, उपायुक्त और सीएमओ शामिल होते हैं) दस्तावेजों की जांच करती है। आवेदन के 15 दिनों के भीतर प्रक्रिया पूरी करने का प्रावधान है। स्वीकृत राशि सीधे अस्पताल के खाते में या लाभार्थी के बैंक खाते में डिजिटल माध्यम से हस्तांतरित की जाती है।


नारनौल। एंटी ड्रग वॉकाथॉन में भाग लेते डी एंड एसजे एवं अध्यक्ष डीएलएसए नरेंद्र सूरा व अन्य। फोटो: हरिभूमि

## नशा मुक्ति की मुहिम को घर घर तक पहुंचाना जरूरीः सूरा

- डी एंड एसजे एवं अध्यक्ष डीएलएसए की अगुवाई में दिया नशामुक्त समाज का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण एवं हरियाणा विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दिशानिर्देश पर नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मंगलवार को शहर में जन भागीदारी के साथ एंटी-ड्रग वॉकाथॉन का आयोजन किया गया। नशे से जंग, महेन्द्रगढ़ के संग नारे के साथ उपस्थित नागरिकों, माय भारत वॉलंटियर्स, एनसीसी स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों व सामाजिक संगठनों ने एक स्वर में नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। यह वॉकाथॉन राजकीय पीजी कॉलेज से शुरू होकर रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा ने कहा कि समाज में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति एक गंभीर चिंता का विषय है। हमारा उद्देश्य केवल कानून लागू करना नहीं, बल्कि जागरूकता के माध्यम से युवाओं को इस दलदल से बाहर निकालना और उन्हें सही दिशा दिखाना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से चलाए जा रहे ये अभियान तभी सफल होंगे, जब पूरा समाज इसे एक जन-आंदोलन के रूप में स्वीकार करेगा। उन्होंने कहा कि इस मुहिम को हर घर तक पहुंचाना अनिवार्य है।

#### यह रहे मौजूद

इस मौके पर विभिन्न न्यायिक अधिकारी व जिला सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी प्रशांत कुमार, पीजी कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. चंद्र मोहन, माय भारत अधिकारी नित्यानंद यादव, प्रोफेसर नरेश यादव, प्राचार्य विनोद खंगवाल, मेजर वीरेंद्र सेकवाल, प्रोफेसर सतपाल सुलोदिया, दुर्गा शक्ति इंस्पेक्टर मीनाक्षी शर्मा, प्रोफेसर डॉ. विजयदीप गौड़, टेकचंद यादव आदि मौजूद थे।

हस्ती देवी समिति के प्रशिक्षण शिविर से संवर रहा भविष्य

## पायगा में महिलाओं के बढ़ते कदम

**महेंद्रगढ़।** ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने की दिशा में हस्ती देवी जनकल्याणार्थ समिति द्वारा एक सराहनीय पहल की जा रही है। गांव पायगा में पिछले एक महीने से चल रहे निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से समिति महिलाओं को आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ा रही है। इस शिविर में गांव की 50 से अधिक महिलाएं बड़े उत्साह के साथ हैंडलूम आइटम बनाने और ब्यूटी पार्लर का हुनर सीख रही हैं।

ग्राम सरपंच वीरभद्र सिंह ने समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ही ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलेगी। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए समिति की अध्यक्षा डॉ. पवित्रा राव का आभार व्यक्त किया और इस प्रकार से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाले कार्य भविष्य में भी आयोजित करने की कामना की। हुनर से आत्मनिर्भरता की ओरशिविर में मुख्य प्रशिक्षक अंकिता सिंह द्वारा महिलाओं को ऊनी वस्त्र, टोपी, स्वेटर, गलीचे और विभिन्न हैंडलूम आइटम बनाने का गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र में अंकिता सिंह ब्यूटी पार्लर की बारीकियों से रूबरू करा रही हैं।



#### ये रहे मौजूद

शिविर के सफल संचालन में ग्राम सरपंच वीरभद्र सिंह, प्रवक्ता नवीन यादव, आंगनबाड़ी वर्कर मेनका और समिति के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं में दुरजी, गंगा, प्रीति, खुशी, जयंती, भावना, ज्योति, सोनम, रीना, सुषमा, ममता और संजू सहित 50 से अधिक प्रतिभागी शामिल हैं।


### नपा की बैठक में विकास कार्यों को दी मंजूरी

**कनीना।** नगर पालिका कार्यालय में साधारण सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नपा चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा ने की। बैठक में नगर के विकास को लेकर रायशुमारी की गई। जिसमें वार्ड पार्षदों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. रिम्पी लोढ़ा ने पार्षदों की ओर से प्रस्तुत किए गए विभिन्न बिंदुओं को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को मंजूरी प्रदान की। इस मौके पर एमई दिनेश कुमार, सचिव कपिल कुमार, जेई राकेश कुमार, उपप्रधान सुबेसिंह, पार्षद नितेश गुप्ता, उषा यादव आदि उपस्थित थे।

## डीएसई पंचकूला घेराव में जिले के कर्मी भी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की राज्य कमेटी की ओर से लिए गए फैसले अनुसार मंगलवार को हेमसा पदाधिकारियों की बैठक डीईओ कार्यालय में हुई। जिसमें हेमसा के राज्य सचिव अनिल कुमार यादव ने कहा कि कर्मचारियों की मांगें कोई नई नहीं है। हेमसा का राज्य प्रतिनिधि मंडल प्रधान संदीप सांगवान व महासचिव हितेंद्र सिहाग के नेतृत्व में अधिकारियों से अनेक बार बैठक कर चुका है, लेकिन आश्वासन के अलावा कर्मचारियों को कुछ नहीं मिला। अब कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में डीएसई पंचकूला के कार्यालय के घेराव को लेकर जिले में कार्यरत लिपिक वर्गीय कर्मचारियों से संपर्क शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को प्रदेश के शेष जिलों में भी डीईओ के माध्यम से डायरेक्टर शिक्षा सदन पंचकूला के नाम हल्ला बोल प्रर्दशन का नोटिस सौंपा गया। कर्मचारी नेता ब्रह्म प्रकाश ने कहा कि अबकी बार कर्मचारी आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार है। उन्होंने ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी की समीक्षा व तत्काल स्थानांतरण, खाली पदों पर पदौन्नतियां, एसईटीसी में छूट, योग्यता अनुसार उच्च पदों पर समायोजन, कठिन क्षेत्र नूंह, मोरनी स्पेशल भत्ता 10 हजार, वर्क लोड अनुसार नये पद सृजित करना, पुरानी पेंशन बहाली, हरियाणा वेतन आयोग का गठन, पांच हजार प्रतिमाह अंतरिम राहत, एक्सग्रेसिया में लगाई गई शर्त हटाने, एसीपी 5-10-15 प्रमोशनल पदानुसार, आरक्षित बैकलाग आदि देने की मांग की है।


नारनौल। हल्ला बोल प्रर्दशन के पंपलेट के साथ हेमसा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

## यदुवंशी में नशा मुक्ति व साइबर अपराध पर हुआ कार्यक्रम

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के छठे दिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना व एनएसएस गीत से हुई। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य अभय सिंह यादव ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की तथा स्वयंसेवकों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया तथा संदेश दिया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज तीनों को प्रभावित करता है। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इसी दौरान डॉ. रामपाल यादव, कार्यक्रम अधिकारी अनूप यादव ने भी साइबर अपराध जैसे ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया दुरुपयोग पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों के अनुसार राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों में मोहित, प्रिया, नीतू, यश, गौरव इत्यादि ने भी अपने विचार रखें व सभी स्वयंसेवकों ने समाज को नशा मुक्त एवं साइबर अपराध से सुरक्षित बनाने का संकल्प भी लिया।


महेंद्रगढ़। जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि


नारनौल। डीसी मनोज कुमार को ज्ञापन सौंपते जेजेपी युवा इकाई के पदाधिकारी।

## एचटेट के परिणाम में बदलाव के खिलाफ डीसी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला के निर्देशानुसार जिले की युवा इकाई ने जिला प्रधान सचिन चौधरी के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार को सौंपा। इस अवसर पर युवा जिला प्रधान सचिन चौधरी ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचटेट) के परिणाम में बदलाव कर 1284 अभ्यर्थियों को पास किया जाना गंभीर संदेह के घेरे में है। यह पूरा मामला एक बड़े घोटाले की ओर इशारा करता है। जिसकी निष्पक्ष जांच सीबीआई से करवाई जानी चाहिए। जिला प्रवक्ता विजय छिलरो ने बताया कि दो दिन पूर्व सिरसा में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जेजेपी युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने तथ्यों के साथ एचटेट घोटाले को उजागर करते हुए सरकार की शिक्षा व रोजगार व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने हरियाणा पुलिस कॉन्स्टेबल की नई भर्ती में युवाओं को आयु सीमा में कम से कम तीन वर्ष की छूट देने की मांग भी की थी। इस मौके पर शेरू मेहरमपुर, बजरंग गुर्जर, सुनील जेवली, दीपक यादव दौगड़ा अहीर, प्रमोद आकोली, मनोज जोनावास, नगर पार्षद संदीप भाखर, विजयपाल अधिवक्ता, प्रमोद ताखर, बेदू राता, दिनेश राता, विजय अधिवक्ता, सुशील सहरावत अधिवक्ता, वीरेंद्र घटाशेर, रामकुमार मक्शुसपुर, दीपक श्योराण अधिवक्ता, गौरव ढिल्लो, प्रशांत शर्मा, शिवप्रकाश पाली, अनिल हमीदपुर, मनीष खायरा, मनीष अधिवक्ता आदि मौजूद थे।

**आक्रोश** नायब तहसीलदार ने ज्ञापनों को तत्काल उच्च अधिकारियों को प्रेषित करने का दिया भरोसा

## बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या पर कनीना में धरना देकर किया विरोध-प्रदर्शन

प्रधानमंत्री, बांग्लादेश के भारत में स्थित उच्चायोग व संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव के नाम सौंपे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बांग्लादेश में हिन्दुओं की हो रही हत्याओं के विरोध में प्रजा भलाई संगठन के कार्यकर्ताओं ने उपमंडल अधिकारी कनीना कार्यालय के समक्ष धरना दिया। संगठन सुप्रीमो प्रमुख समाजसेवी अतरलाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कार्यालय के समक्ष एकत्रित होकर जोरदार प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, बांग्लादेश के भारत में स्थित उच्चायोग व संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव के नाम तीन अलग अलग ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपे। नायब तहसीलदार ने ज्ञापनों को तत्काल उच्च अधिकारियों को प्रेषित करने का भरोसा दिया। इलाके के कार्यकर्ता भारी ठंड के बावजूद सुबह से ही कार्यालय के समक्ष एकत्रित होना शुरू हो गए थे। उन्होंने हाथों में पोस्टर लहराकर जोरदार नारेबाजी की। पोस्टरों पर बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार बंद करो बंद करो, बांग्लादेश सरकार होश में आओ होश में आओ, भारत माता की जय तथा हिंदुओं की सुरक्षा करो आदि नारे लिखे हुए थे। अतरलाल ने प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं की चुन चुन कर हत्याएं की जा रही हैं। अपहरण व दुराचार किया जा रहा है। बांग्लादेश सरकार हिन्दुओं की रक्षा करने में विफल रही है। हिन्दुओं की हत्याओं तथा इनकी रोकथाम करने में बांग्लादेश सरकार की विफलता के कारण देश के नागरिकों में रोष है। इसलिए बांग्लादेश के पीड़ति हिन्दुओं के प्रति एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए यह धरना और प्रदर्शन आयोजित किया गया है।


नारनौल। नेताजी अतरलाल की अगुवाई में प्रदर्शन करते संगठन कार्यकर्ता।

#### बांग्लादेश के उच्चायोग के घेराव की चेतावनी

उन्होंने चेतावनी दी बांग्लादेश में अगर हिन्दुओं पर अत्याचार बंद नहीं हुए, तो संगठन के कार्यकर्ता दिल्ली स्थित बांग्लादेश के उच्चायोग का घेराव करेंगे। ज्ञापनों में बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों को तत्काल रोकने, आरोपितों के तत्काल गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने तथा बांग्लादेश में रह रहे हिन्दुओं के जान माल की सुरक्षा के पुख्ता प्रबन्ध करने की मांगे की। इस मौके पर रणबीर मुकदम, संजय शर्मा, पदमेन्द्र जांगड़ा, नीतू ठेकेदार, नरेश रोहिल्ला, सुरेन्द्र चौधरी, रामेश्वर, भागसिंह चेयरमैन, कैलाश सेठ, मीरसिंह वैद्य, डॉ. मुकेश, करतार पाथेड़ा, राजेन्द्र पंच सिहोर, सूबेदार मेजर मदन सिंह, किशनपाल, गोपाल, दानसिंह प्रजापत, शेरसिंह यादव, पदम तंवर, दिनेश पंच, देवेन्द्र नम्बरदार, राकेश यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।


नांगल चौधरी। समारोह में शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित करती बीईओ सुनीता यादव। फोटो: हरिभूमि

### आधुनिक तकनीक से पढ़ाई कराने के दिए टिप्स

**नांगल चौधरी।** निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पीएमश्री गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ। समापन समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता यादव ने शिक्षकों को आधुनिक तकनीक से बच्चों की पढ़ाई कराने के टिप्स दिए। इसके बाद उन्होंने प्रशिक्षित शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि रीमेडियल टीचिंग के माध्यम से विद्यार्थियों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता को मजबूत करने के मकसद से विभाग ने विशेष प्रशिक्षण शिविर लगाया है।

**खबर संक्षेप**

### ग्रामीणों को दिव्यांगता के बारे में जानकारी दी

**तोशाम।** जेबीडीएम कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन व स्पेशल स्कूल के स्टाफ सदस्यों के द्वारा गांव खरकड़ी माखवान में मंगलवार को एक दिवसीय जन जागरूक कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को दिव्यांगता के बारे में जागरूक किया व दिव्यांग लोगो को सरकार के द्वारा मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। समाज में दिव्यांगता के प्रति फैली विभिन्न भ्रांतिया दूर करने के लिए सुझाव दिए और उनको समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया।

### आर्य बने इनेलो कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष

**बाढड़ा।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) पार्टी ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रोफेसर सत्यपाल आर्य को कर्मचारी प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। नववर्ष के पावन अवसर पर की गई इस नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर प्रोफेसर सत्यपाल आर्य ने इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सुप्रीमो और भावी मुख्यमंत्री चौधरी अभय सिंह चौटाला आदि का आभार जताया।

### पिता की पुण्यतिथि पर कंबल बांट दी श्रद्धांजलि

**लोहारू।** एसएसजे फाउंडेशन के संस्थापक डॉ अनिल जोशी ने कहा कि अपने पूर्वजों की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों का सहयोग करके हम उनको सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। अनिल जोशी अपने पिता स्वर्गीय सुशील जोशी की तीसरी पुण्यतिथि पर एसएसजे फाउंडेशन परिवार के तत्वावधान में कामगार श्रमिको को गर्म वस्त्र प्रदान कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने लगभग 120 कामगार श्रमिको को गर्म वस्त्र वितरित कर सम्मानित किया।

### निःशुल्क दी जा रही हैं बहुत-सी सेवाएं: एडीसी

**भिवानी।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला के विभिन्न स्थानों पर नागरिकों को आधार पंजीकरण, दुरूस्त करवाने व अन्य सेवाएं निःशुल्क दी जा रही हैं। नागरिक नजदीकी आधार केंद्र पर जाकर आधार कार्ड से संबंधित कार्य को निःशुल्क करवा सकता है। एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि जिला में आधार कार्ड पंजीकरण, अद्यतन व अन्य सेवाओं को निःशुल्क देने के लिए अनेक स्थानों पर मशीने लगाई गई हैं। आधार पंजीकरण एवं दुरूस्त (अपडेट) का कार्य सुचारू रूप से विभिन्न रजिस्ट्रार एजेंसियों के माध्यम से संचालित किया जा रहा है।

### स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक मुक्त देश का लिया संकल्प

**भिवानी।** पीएमश्री राजकीय वमा विद्यालय बजीना में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष साप्ताहिक शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों ने उत्साह और सेवा भावना का परिचय दिया। शिविर के छठे दिन की शुरुआत विद्यालय परिसर की साफ-सफाई के साथ हुई, जिसके बाद समाज को एक बड़ा संदेश देने के लिए जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया। स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली।

---


अंधेरे की वजह से दुर्घटना होने की बनी रहती है आशंका

# महिलाएं और बच्चे अंधेरे में बाहर निकलने से कतरा रहे

**तोशाम दादरी रोड से तोशाम बाईपास तक सड़क पर हमेशा रहता है अंधेरा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

शहर के सबसे व्यस्ततम इलाके विश्वकर्मा मंदिर से लेकर जुई नहर तक रोड के साथ साथ स्ट्रीट लाइटें लगवाए जाने की मांग को लेकर पार्षद सुभाष तंवर की अगुवाई में पार्षदों ने नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह को मांग पत्र सौंपा। पार्षदों ने बताया कि उक्त इलाके में रात के वक्त अधेंरा रहने की वजह से हमेशा दुर्घटना घटने की आशंका बनी रहती है। अंधेरे की वजह से देर सवेर महिलाएं व बच्चों ने बाहर निकलने में दिक्कत मान रहे है। इस पर नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने जल्द ही उक्त क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटें लगवाए जाने का भरोसा दिलाया। वार्ड संख्या 17 के पार्षद सुभाष तंवर व वार्ड संख्या 18 के पार्षद प्रतिनिधि अनिल कुमार ने बताया कि तोशाम दादरी रोड से तोशाम बाईपास तक सड़क पर हमेशा अंधेरा बना रहता है। खासकर विश्वकर्मा मंदिर (ऑटो मार्केट से लेकर) जुई नहर तक की सड़क पर रात के समय अंधेरा रहने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस रात के समय में अंधेरे की वजह से महिलाएं व बच्चे बाहर निकलने से कतराते है।


भिवानी। स्ट्रीट लाइट लगवाए जाने की मांग को लेकर मांगपत्र सौंपते हुए।

क्योंकि रात के अंधेरे में उक्त इलाके में हमेशा दुर्घटना घटने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने बताया कि अगर इस इलाके से निकलने वाली सड़क के दोनों तरफ स्ट्रीट लाइट लग जाए तो अंधेरा रहने की समस्या से छुटकारा मिल सकता है। चूंकि इलाके में अधिकत्तर मजदूर तबके के लोग रहते है। जो कि निजी कम्पनी या अन्य जगहों पर कार्य करते है और वे देर सवेर अपने घर पहुंचते है। ऐसे में इस क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगवाया जाना निहायत जरूरी है। इस मौके पर पार्षद संदीप यादव, पवन सैनी, मोनू शर्मा, अशोक यादव, टोनी तंवर के अलावा अनेक पार्षद व गणमान्य लोग मौजूद थे।

**जल्द ही लगवाई जाएंगी स्ट्रीट लाइटें:भवानी**

नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि पार्षदों ने विश्वकर्मा मंदिर से लेकर नहर तक की सड़क के दोनों तरफ स्ट्रीट लाइटे लगवाए जाने की मांग रखी है। जल्द ही इस इलाके में नगरपरिषद द्वारा स्ट्रीट लाइटें लगवाई जाएंगी। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकाशं शहर में स्ट्रीट लाइटें लगवाए जाने का कार्य पूरा हो चुका है। इस तरह के गिने चुने इलाकों में स्ट्रीट लाइटें लगवाई जानी बाकी है। उनमें जल्द ही लाइटें लगवाए जाने का कार्य पूरा करवा दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि जिस जगह स्ट्रीट लाइट की जरूरत है।


भिवानी। मांगों को लेकर अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए।

**गैर शैक्षणिक कार्यों से किया जाए मुक्त**

**भिवानी।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी की मीटिंग जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी भिवानी विनय कुमार जिंदल के साथ जिला प्रधान भूपेंद्र चाहर की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन जिला महासचिव सुमित शर्मा ने किया। स्कूलों,छात्रों और अध्यापकों के सामने आने वाली विभिन्न समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। भूपेन्द्र चाहर ने बताया कि कार्यालय मे सभी कार्य क्रमानुसार व समयबद्ध करने,सभी प्राथमिक विद्यालयों मे हाउस कीपींग अनुदान प्रतिमाह जारी करने,सभी प्राथमिक विद्यालयों मे छात्र संख्या अनुसार शिक्षक उपलब्ध करवाने, दोपहर भोजन के लिए राशि समय पर उपलब्ध करवाने, वर्तमान मे जारी सेमिनार के प्रतिपूर्ति अवकाश देने पर सहमति जताते हुए अधिकारी ने आश्वासन दिया कि शीघ्र आदेश पारित कर दिए जायेगें। महासचिव सुमित शर्मा व संगठन सचिव कृष्ण मलिक ने बताया कि अध्यापकों से कई प्रकार के गैर शैक्षणिक कार्य लिए जा रहे हैं जिससे बच्चों की शिक्षा व स्कूल के कार्य प्रभावित होते है इसलिए प्राथमिक शिक्षकों इन से मुक्त किया जाए, स्थायीकरण, एसीपी मामलो का सरलीकरण आदि समस्याओ पर उच्च अधिकारियो से विचार विमर्श करने बारे कहा गया। इस अवसर पर राज्य सह सचिव शोभित सांगवान, बहल खंड सचिव राजेश पूनिया,बवानी खेड़ा प्रधान सुनिल दत्त,भिवानी खंड प्रधान रामअवतार यादव,कोषाध्यक्ष संदीप ढोचक, राजेश मित्ताथल, अरुण ढिल्लो आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

# युवाओं को नशे से दूर रहने की दिलवाई शपथ


भिवानी। स्वयंसेवकों को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

- संस्कार एवं संस्कृति से ही संभव है राष्ट्र का उत्थान: महंत चरणदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

गांव गोलपुरा स्थित राजकीय वमा विद्यालय में सात दिवसीय विशेष शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना का भव्य समापन हुआ।

शिविर के अंतिम दिन मुख्यतिथि के रूप में उपस्थित बालयोगी महंत चरणदास महाराज ने स्वयंसेवकों को जीवन में संस्कारों, नैतिक मूल्यों और प्रकृति संरक्षण के महत्व का बोध करवाया। विद्यालय के प्राचार्य विजय सिंह के मार्गदर्शन और एनएसएस अधिकारी डॉ. हरेंद्र पुनिया के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने कड़ी मेहनत की, जिसमें स्वयंसेवकों ने योग, ध्यान, सड़क सुरक्षा, जल एवं पर्यावरण संरक्षण, प्राथमिक उपचार व नशे के दुष्प्रभावों सहित अन्य जरूरी जानकारियां हासिल की। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान शमशेर सिंह, दरियासिंह, नोडल अधिकारी वीरेंद्र सिंह, लाजपतराय, प्रवीण काला व भजन गायक बलवान का आदि मौजूद रहे।

**अपनी जड़ों को न भूलें**

महंत चरणदास ने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में हमें अपनी जड़ों को नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति एवं संस्कार हमारी असली पहचान हैं, हम अपने माता-पिता और दादा-दादी के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करेंगे, तभी हम अपनी विरासत को अगली पीढ़ी तक सुरक्षित पहुंचा सकेंगे। महाराज ने युवाओं को नशे की बढ़ती लत के प्रति सचेत किया और इससे दूर रहने की शपथ दिलवाई। उन्होंने आह्वान किया कि इसे केवल औपचारिक शपथ न मानकर अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने बच्चों से स्वामी विवेकानंद के पदचिन्हों पर चलने की अपील की, ताकि युवा ऊर्जावान बनकर न केवल अपना, बल्कि राष्ट्र का उत्थान कर सकें। प्रकृति के प्रति कर्तव्य को समझते हुए विद्यालय में विशेष पौधरोपण अभियान चलाया। महाराज ने स्वयं पौधा लगाया।

---

# 50 से अधिक युवाओं ने किया रक्तदान

- कड़कड़ाती ठंड के बीच स्वयंसेवकों व रक्तदाताओं में दिखाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम




तोशाम के वीर शहीद ईश्वर सिंह पंघाल राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में एनएसएस इकाई द्वारा चल रहे साप्ताहिक शिविर के छठे दिन मंगलवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें करीबन 50 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इससे पहले शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्यअतिथि तोशाम के सिविल अस्पताल के डॉक्टर सुनील सांगवान ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

एनएसएस के स्वयंसेवकों ने आए हुए अतिथियों का स्वागत गीत के साथ भव्य स्वागत किया। कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच स्वयंसेवकों के जोश को बनाए रखने के लिए योग और व्यायाम का विशेष सत्र आयोजित किया, जिससे सभी बच्चों में दिनभर के कार्यों के लिए स्फूर्ति का संचार हुआ। कैंप में 50 यूनिट से भी अधिक रक्त एकत्रित किया। मुख्यतिथि डॉ. सुनील सांगवान ने बच्चों के निःस्वार्थ प्रयास की जमकर प्रशंसा की। वहीं अतिथियों ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर तथा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्राचार्य सुदेश यादव, डॉ. भीमराव अंबेडकर चेतना विकास समिति के प्रधान संजय नाफरिया, सुशील पहिवाल, शहीद भगतसिंह युवा क्लब के प्रधान संदीप पंघाल, सुशील नाफरिया, रमेशचंद्र नाफरिया आदि मौजूद रहे।

### 151 कुंडीय चंडी महायज्ञ और श्री रामकथा होगी

**बाढ़ड़ा।** नारनौल के जौरासी गांव स्थित श्रीश्याम मंदिर धाम में आर्यवर्त सेवा न्यास शुरू होने वाले भव्य व आध्यात्मिक अनुष्ठान को लेकर जोरदार तैयारियां चल रही हैं। इस दिव्य आयोजन के अंतर्गत श्री रामकथा एवं 151 कुण्डीय सहस्त्र न चण्डी महायज्ञ का आयोजन किया ने जाएगा। श्री राम कथा के लिए व्यास पीठ पर जगतगुरु श्री रामभद्राचार्य होंगे।

स्टोन क्रेशर एसोसिएशन अध्यक्ष सोमबीर घसोला व कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी कपिल भारद्वाज ने बताया कि आर्यवर्त सेवा न्यास के तहत करवाए जा रहे इस धार्मिक अनुष्ठान में शहर की अनेक धार्मिक व सामाजिक संस्थाएं भी सक्रिय सहयोग प्रदान कर रही हैं।

# ध्रुव की तरह बुराई में अच्छाई को देखना ही प्रभु भक्ति: कथावाचिका शास्त्री

- श्रीमद्भागवत कथा में कपिलदेव अवतार व सती प्रसंग ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

लोहड़ पीर मंदिर के समीप सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन मंगलवार को आध्यात्मिक उल्लास का माहौल रहा। कथावाचिका अनीता शास्त्री ने भगवान के विभिन्न अवतारों एवं भक्तों के चरित्र का ऐसा संजीव वर्णन किया कि उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से भगवान कपिलदेव का प्राकट्य, ध्रुव चरित्र और सती प्रसंग पर चर्चा की। कथा के दौरान बताया कि कर्दम मुनि और देवहूति की नौ कन्याएं नवधा भक्ति का प्रतीक हैं, जहां भक्ति का वास होता है, वहां भगवान को स्वयं आना पड़ता है। उन्होंने कहा कि ध्रुव की तरह बुराई में भी अच्छाई को देखना ही प्रभु भक्ति है।


भिवानी। श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचन देती कथावाचिका अनीता शास्त्री।

**सकारात्मकता न छोड़ें**

चाहे कोई कुछ भी उल्टा कहे, एक समझदार व्यक्ति को ध्रुव की तरह उन बातों को बुरे तरीके से लेने के बजाय अपनी दिशा बदल लेनी चाहिए। ध्रुव ने अपमान को अपनी शक्ति बनाया और भगवान की प्राप्ति की। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि विषम परिस्थितियों में भी सकारात्मकता नहीं छोड़नी चाहिए। कथा में सती के आत्मदाह के प्रसंग का भी उल्लेख किया। कथा के अंत में क्षेत्र की महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

---

# युवा सकारात्मक कार्यों में बिताएं अपना समय: साहू

**ढाणी सहित कई गांवों मेडिकल कैंप आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

युवाओं को चाहिए कि वो अपने वक्त का सकारात्मक प्रयोग करें, जब वो ये समझ जाएंगे कि उनको समाजसेवा के लिए अपना योगदान यथासंभव अवश्य देना चाहिए तो अनेक समस्याएं अपने आप हल हो जाएगी, युवाओ को इस दिशा प्रेरित करना ही मॉडल दादरी जिला बनाओ संगठन का लक्ष्य है, ये बात राजा सूरजमल की स्मृति में गांव ढाणी, मानेहरू, संतोखपुरा, कान्हडा आदि में मैडिकल कैंपों के दौरान युवा विंग अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल बलवान साहू ने सभी सहयोगियों का आभार जताते हुए कही। इस कड़ी में कैंप की अध्यक्षता सुनील, देवेंद्र, अनिल राणा, सुरेंद्र सनसनवाल ने की। मुख्य अतिथि दलबीर, बीरसिंह, सुबेदार नरेंद्र, कार्तिक स्वामी आदि रहे। कैंपों में आई क्यू, आई केयर, गीताजंली, निर्वाणा आई केयर, महादेव अस्पताल आदि की चिकित्सीय टीम रिक्षित, गुरूबख्श, संतोष, ममता चाहर व सहयोगियों ने 256 आंख व सामान्य रोग के मरीज जांचे, दवा वितरण किया गया।मौके पर सरपंच लीलाराम, सरपंच मनदीप, सरपंच हरीश, दीपक, भूपेंद्र, गणेश, विकास, सरजीत आदि थे।


चरखी दादरी। कैंप में मरीज की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी।

# ड्रग फ्री हरियाणा अभियान संपन्न नशा मुक्ति का संदेश फैलाया

**भिवानी।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं प्राधिकरण के सचिव पवन कुमार की अध्यक्षता में ड्रग फ्री हरियाणा अभियान का समापन हुआ। अभियान के अंतर्गत जिले भर में एक माह तक व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए और इस दौरान स्कूलों, कॉलेजों और आमजन तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाया गया। इस अभियान का आज विधिवत समापन किया गया।

अभियान के बारे में जानकारी देते हुए सीजेएम पवन कुमार ने बताया कि नशे के खिलाफ समाज में जागरूकता फैलाने और युवाओं को सही दिशा देने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। अभियान के दौरान स्कूलों, कॉलेजों, शिक्षण संस्थानों, स्लम बस्तियों और ग्राम सभाओं व स्टेडियम के खिलाड़ियों तक नशामुक्ति का संदेश पहुँचाया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में वर्कशॉप, मोटिवेशनल टॉक्स और शॉर्ट फिल्मों की स्क्रीनिंग करवाई गई। विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों, कानूनी पहलुओं और इससे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

**लघु सचिवालय परिसर में की सफाई**

**भिवानी ।** नगर परिषद ने मंगलवार को लघु सचिवालय परिसर में पीछे की तरफ सफाई अभियान चलाया। सफाई कर्मचारियों ने जेसीबी और ट्रैक्टर ट्रालियों से कूड़े का उठान किया। सोमवार को पूर्व पार्षद ईश्वर मान ने लघु सचिवालय परिसर में पीछे की तरफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त ना होने की समस्या रखी थी। इस पर डीसी ने नगर परिषद अधिकारियों को सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए थे। डीसी के आदेश मिलते ही नगर परिषद के सफाई कर्मचारी जेसीबी और ट्रैक्टर ट्रालियों के साथ लघु सचिवालय परिसर में पहुंचे। सफाई कर्मचारियों ने जेसीबी की सहायता से यहां से कूड़े-कचरे का उठान किया। सफाई निरीक्षक विकास देसवाल ने बताया कि लघु सचिवालय परिसर में समय-समय पर सफाई व्यवस्था दुरूस्त की जाती है।



भिवानी। उपायुक्त के आदेशों के बाद सचिवालय की सफाई करवाते हुए।

---

28 से 12 फरवरी तक भीम स्टेडियम में होगी सैनिक भर्ती रैली

# सीसीटीवी के कैमरों की निगरानी में होगी भर्ती प्रक्रिया

**भर्ती प्रक्रिया के दौरान केवल अधिकृत व्यक्ति का ही होगा प्रवेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में सेना भर्ती को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में श्री गुप्ता ने बताया कि स्थानीय भीम स्टेडियम में 28 जनवरी से 12 फरवरी तक सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी द्वारा अग्निवीर के विभिन्न पदों की भर्ती की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया को शांतिपूर्वक ढ़ंग से सम्पन्न करवाने के लिए भीम स्टेडियम के आस-पास पुलिस का सख्त पहरा होगा। किसी भी प्रकार की गैर कानूनी गतिविधि करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी।

**रोजाना 650 युवाओं को किया जाएगा भर्ती में शामिल :** उन्होंने बताया कि भर्ती में अग्निवीर जेडी, क्लर्क/स्टोर कीपर, टेक्निकल और ट्रेड्समैन के पद शामिल हैं। प्रतिदिन करीब 650 युवा भर्ती में शामिल होंगे। भर्ती प्रक्रिया के लिए करीब चार बजे भीम स्टेडियम में युवाओं की एंट्री होगी। उन्होंने बताया कि भर्ती में शामिल युवाओं का मेजरमेंट, डॉक्यूमेंट चैक, मेडिकल फिटनेस टेस्ट तथा दौड़ होगी। उन्होंने बताया कि दौड़ चिकित्सकों की मौजूदगी में होगी। उन्होंने बताया कि भर्ती में शामिल होने वाले युवाओं का ड्रग टेस्ट भी होगा। इस दौरान कर्नल गंधर्व ठाकुर, एडीसी दीपक बाबूलाल करवा, नगराधीश अनिल कुमार, डीएसपी महेश कुमार आदि मौजूद रहे।



भिवानी। सैनिक भर्ती को लेकर आयोजित बैठक में दिशा निर्देश देते उपायुक्त।

**बस अडडा व रेलवे स्टेशन से मिलेगी बस सुविधा**

डीसी श्री गुप्ता ने भर्ती प्रक्रिया के दौरान बिजली, पानी, सफाई व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि भर्ती में शामिल होने वाले युवाओं को भीम स्टेडियम तक आने- जाने के लिए बस स्टैंड या रेलवे स्टेशन तक बस सुविधा प्रदान की जाएगी। युवाओं को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। स्टेडियम में निर्बाध रूप से बिजली और पेयजल की आपूर्ति रहेगी। डीसी ने सफाई व्यवस्था के लिए नगर परिषद अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

# जनस्वास्थ्य विभाग ने रोहतक रोड पर रातों-रात किया सीवरेज मेनहोल दुरूस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

- एडवोकेट मुकेश गुलिया ने समाधान शिविर में डीसी के समक्ष रखी थी समस्या

डीसी गुप्ता के सख्त आदेशों के चलते जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने रोहतक रोड पर सीवरेज मेनहोल को रातों-रात दुरुस्त करवाया। सीवरेज मेनहोल दुरूस्त होने से दुर्घटनाओं की आशंका कम हुई है।

उल्लेखनीय है कि एडवोकेट मुकेश गुलिया ने समाधान शिविर में डीसी के समक्ष रोहतक रोड़ पर सीवरेज मेनहोल के दुरूस्त ना होने व सीवरेज लाइन की सफाई न होने की समस्या रखी थी। इस पर डीसी ने जनस्वास्थ्य विभाग को तुरंत प्रभाव से सीवरेज मेनहोल दुरूस्त करने के निर्देश दिए थे। डीसी के सख्त निर्देश मिलते ही विभाग ने सोमवार रात को ही मेनहोल को दुरूस्त करवाया। वहीं इस बारे में विभाग के अधीक्षक अभियंता सुनील रंगा ने बताया कि सीवरेज के मेनहोल को सोमवार रात को ही दुरुस्त किया गया है।

